एमरजेंसी मोबाईल अलर्ट

आपका फोन अनुकूल (संगत) है या नहीं, यह जानने के लिए getready.govt.nz पर जायें

यदि आपका जीवन, स्वास्थ्य या संपत्ति गंभीर खतरे में है, तो आपके मोबाइल फोन पर Emergency Mobile Alert ('एमरजेंसी मोबाइल अलर्ट') भेजा जा सकता है।

एमरजेंसी मोबाइल अलर्ट एक संदेश होता है जो एक अधिकृत एजेंसी द्वारा आपके मोबाइल फोन पर भेजा जाता है। आपको सतर्क करने के लिए यह तेज आवाज करेगा।

अगर मुझे एमरजेंसी मोबाइल अलर्ट मिले तो मुझे क्या करना चाहिए?

आप जो भी कर रहे हैं, उसे रोक दें, और निर्देशों का पालन करें।

एमरजेंसी मोबाइल अलर्ट संदेश केवल तभी भेजे जाते हैं जब:

- अगर जीवन, स्वास्थ्य या संपत्ति के लिए गंभीर खतरा हो; या
- जांच करने के उद्देश्य से वर्ष में एक या दो बार।

यदि आपको कोई अलर्ट मिले, तो इसे गंभीरता से लें और वही करें जो कहा गया हो।

सभी फोन एमरजेंसी मोबाइल अलर्ट प्राप्त करने में सक्षम नहीं होते, इसलिए यदि आपको कोई अलर्ट मिले, तो दूसरों को भी बताएं /सूचित करें।

क्या मुझे एमरजेंसी मोबाइल अलर्ट पाने के लिए साइन अप करना होगा?

साइन अप करने या कोई ऐप डाउनलोड करने की कोई ज़रूरत नहीं है। अलर्ट केवल प्रभावित क्षेत्रों के लिए लक्षित होते हैं, इसलिए आपको वे केवल तभी मिलेंगे जब आपके क्षेत्र में कोई आपातस्थिति हो।

यदि आपका फोन चालू है, उन्हें प्राप्त करने में सक्षम है, और लक्षित क्षेत्र के भीतर है, तो आपको अलर्ट मिलने चाहिए। getready.govt.nz. पर आप पता लगा सकते हैं कि क्या आपका फोन अलर्ट प्राप्त करने में सक्षम है।

एमरजेंसी मोबाइल अलर्ट कौन भेज सकता है?

एमरजेंसी मोबाइल अलर्ट संदेश केवल निम्न के द्वारा भेजे जा सकते हैं:

- नेशनल एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी (राष्ट्रीय आपातस्थिति प्रबंधन एजेंसी)
- सिविल डिफेंस एमरजेंसी मैनेजमेंट ग्रुप्स (नागरिक सुरक्षा आपातस्थिति प्रबंधन समूह)
- न्यूज़ीलैंड पुलिस
- फायर एन्ड एमरजेंसी, न्यूज़ीलैंड
- स्वास्थ्य मंत्रालय, और
- मिनिस्ट्री ऑफ प्राइमरी इंडस्ट्रीज़ (प्राथमिक उद्योग मंत्रालय)।

एमरजेंसी मोबाइल अलर्ट अन्य चैनलों की जगह नहीं लेते।

किसी आपातस्थिति के समय आपको सुरक्षित रखने और सूचित करने के लिए एमरजेंसी मोबाइल अलर्ट केवल एक **अतिरिक्त** चैनल है। ये अलर्ट अन्य अलर्टिंग सिस्टम्स (चेतावनी प्रणालियों) या प्राकृतिक चेतावनियों के बाद ली जाने वाली जरूरी कार्रवाई की जगह नहीं लेते।

सूचित रहने के तरीके

आपको तब भी एक आपात स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए और कदम उठाने से पहले अलर्ट मिलने का इंतजार नहीं करना चाहिए। यदि आपको लगता है कि आपका जीवन खतरे में है, तो किसी आधिकारिक चेतावनी का इंतज़ार न करें। तत्काल कार्यवाही करें।

समय निकाल कर अपनी एमरजेंसी योजना बनाएं, जिसमें शामिल हो कि क्या करना है, कहां जाना है, कौन आपकी मदद कर सकता है, और किसे आपकी मदद की ज़रूरत हो सकती है। आप getready.govt.nz वेबसाईट पर एक ऑनलाइन योजना बना सकते हैं।

एमरजेंसी मोबाइल अलर्ट कैसे काम करता है?



1. अधिकृत एजेंसी प्रभावित क्षेत्र का निर्धारण करती है और अलर्ट तैयार करती है।
2. अलर्ट, प्रासंगिक सेल टावरों से प्रसारित किए जाते हैं।
3. प्रभावित क्षेत्र में मौजूद सक्षम मोबाइल फोन, अलर्ट प्राप्त करते हैं।

एमरजेंसी मोबाइल अलर्ट एक डेडिकेटिड सिग्नल (समर्पित संकेत) का उपयोग करता है, इसलिए आपातस्थिति में जबकि मोबाइल फोन और इंटरनेट ट्रैफिक के कारण नेटवर्क पर लोड अधिक हो सकता है, यह अधिक विश्वसनीय है।

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस नेटवर्क पर हैं। प्रसारण समय के दौरान क्षेत्र में प्रवेश करने वाले किसी भी सक्षम फोन पर अलर्ट प्राप्त होगा।

क्या मैं एमरजेंसी मोबाइल अलर्ट प्राप्त न करने का विकल्प चुन सकता हूं?

एमरजेंसी मोबाइल अलर्ट आपको सुरक्षित रखने के लिए है, आप एमरजेंसी मोबाइल अलर्ट प्राप्त न करने का विकल्प नहीं चुन सकते। ये अलर्ट किसी विशिष्ट फोन को लक्षित नहीं करते हैं, बल्कि उसके बजाय वे एक लक्षित क्षेत्र में प्रसारित होते हैं जहां जोखिम होता है। एमरजेंसी मोबाइल अलर्ट आपके मोबाइल फोन नंबर का उपयोग नहीं करता या आपके बारे में जानकारी नहीं एकत्रित करता।

एमरजेंसी मोबाइल अलर्ट के बारे में अधिक जानकारी के लिए **getready.govt.nz** वेबसाइट देखें।